# 1829 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को मिलेगा एलओसी

लखनऊ। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति (आईआईईपी) 2022 के तहत 1829.09 करोड़ की निवेश परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) दिया जाएगा। ये संस्तुतियां मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकभवन में मंगलवार को आयोजित हाईलेवल एम्पावर्ड कमेटी एवं एम्पावर्ड कमेटी की बैठक में की गईं। एलओसी विशेष योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता मानदंडों और स्वीकृत प्रोत्साहन के लिए दिए जाते हैं। संस्तुति वाले प्रस्ताव छह प्रमुख जिलों उन्नाव, रायबरेली, बुलंदशहर, हरदोई, मिर्जापुर और गौतमबुद्धनगर के हैं। ये आवेदन फरवरी से जून 2025 के बीच निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए थे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रक्रिया में देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्यूरो